an>

Title: Need to timely completion of construction work on National Highway No.30 in Chhattisgarh.

श्री दिनेश कश्यप (बस्तर) : अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र बस्तर जो कि अति संवेदनशील क्षेत्र है, छत्तीसगढ़ राज्य के अंतिम छोर ओडिशा प्रदेश आता है, आंध्र प्रदेश आता है। सुकमा एक जिला मुख्यालय है और वहां से कोंटा 77 किलोमीटर दूर है। इस मार्ग की वÂर्ष 2014-15 में एलडब्ल्यू में स्वीकृति मिली थी और 77 किलोमीटर की सड़क बननी थी जिसमें 128 पुल-पुलियां भी हैं और 1200 मीटर नाली निर्माण भी होना था। इसमें सिर्फ 25 पुल-पुलियां बनी हैं और 45 किलोमीटर मिट्टी डालने का काम हुआ है और 1200 मीटर नाली का निर्माण नहीं हुआ है। यह रास्ता चूंकि दो प्रदेशों को जोड़ता है और बरसात के दिनों में मिट्टी डालने का काम आधा हुआ है, जिसकी वजह से पूरी रोड गड्ढे में परिवर्तित हो जाती है इससे आने-जाने में लोगों को बहुत तकलीफ होती है तथा पूरी तरह से लोगों का आवागमन अवरुद्ध हो जाती है। इस काम को पूरा करने की समय-सीमा इस महीने तक थी जो कि पूरी हो गई है। जिसने पहले ठेका लिया था उसने दस प्रतिशत भी काम नहीं किया है और दस करोड़ रुपया एडवांस लेकर भाग गया। मैं कहना चाहता हूं कि इस कारण लागत में वृद्धि हो गई है इसलिए जो ठेकेदार पैसा लेकर भाग गया है, उसके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए।

महोदया, अंदर के क्षेत्रों में काम हो रहा है और जबकि यह नेशनल हाईवे-30 है और यह अति संवेदनशील क्षेत्र है, इसलिए सुरक्षा बढ़ाकर सड़क निर्माण का काम करना चाहिए। इस काम में चाहे किसी विभाग के अधिकारी ने लापरवाही की है या ठेकेदार ने की है, उन्हें जिम्मेदार ठहराना चाहिए। यह रोड जल्द से जल्द बने क्योंकि यह मार्ग आंध्रप्रदेश, उड़ीसा और तेलंगाना राज्य को जोड़ता है और इससे लोगों को सुविधा मिल सके।

माननीय अध्यक्ष : श्री चन्द्र प्रकाश जोशी और कुंवर पष्पÂपेन्द्र सिंह चन्देल को श्री दिनेश कश्यप द्वारा उठाए गए विष्Â◌ाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।